# अशोक चक्र (पदक) से सम्मानित व्यक्तियों के नाम एवं वर्ष (1952 से 2018 तक)

**अशोक चक्र (पदक):**

अशोक चक्र (पदक) भारत का शांति के समय का सबसे ऊँचा वीरता सम्मान है। यह सम्मान सैनिकों और असैनिकों को असाधारण वीरता, शूरता या बलिदान के लिए दिया जाता है। यह मरणोपरान्त भी दिया जा सकता है। अशोक चक्र गैर युद्ध प्रसंग में वीरता के लिए सैनिकों और आम नागरिकों, सबके लिए है। इस पुरस्कार को श्रेष्ठता के तीन स्तरों पर दिया जाता है। वर्ष 1960 से, सेना पदक देने का क्रम शुरू किया गया। यह पदक **थलसेना**, **वायुसेना**, **नौसेना** तीनों के लिए अलग-अलग देना सुनिश्चित किया गया।

| | |
|---|---|
| **पुरस्कार का वर्ग** | वीरता |
| **स्थापना वर्ष** | 1952 |
| **पुरस्कार राशि** | 1400 रुपए का मासिक भत्ता |
| **प्रथम विजेता** | सुहास बिस्वास, बचित्तर सिंह, नरबहादुर थापा (1952) |
| **वर्ष 2017 के विजेता** | ज्योति प्रकाश निराला |
| **विवरण** | अशोक चक्र भारत का शांति के समय का सबसे ऊँचा वीरता का पदक है। |

**अशोक चक्र (पदक) 2018:**

69वें गणतंत्र दिवस के मौके पर भारतीय राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा वायुसेना के शहीद गरुड़ कमांडो ज्योति प्रकाश निराला को मरणोपरांत शांति काल के सर्वोच्च सम्मान अशोक चक्र से सम्मानित किया गया। ज्योति प्रकाश 18 नवंबर 2017 को कश्मीर के बांदीपोरा में लश्कर-ए-तैयबा आतंकियों के खिलाफ एक ऑपरेशन में शामिल थे। कमांडो ज्योति इस ऑपरेशन में आतंकियों से लड़ते हुए शहीद हो गए थे, परन्तु आतंकियों से हुई इस मुठभेड़ में शहीद होने से पहले ज्योति प्रकाश निराला ने दो आतंकवादियों को मार गिराया और दो अन्य आतंकियों को घायल भी कर दिया था।

**अशोक चक्र (पदक) का इतिहास:**

अशोक चक्र (पदक) सम्मान सेना के जवान, आम नागरिक को जीवित या मरणोपरांत दिया जाता है। स्वतंत्रता के बाद से अब तक 67 लोगों को अशोक चक्र सम्मान दिए गए हैं। इस **सम्मान** की स्थापना 04 जनवरी 1952 को हुई। तब इसका नाम 'अशोक चक्र, वर्ग-1' था। सन् 1967 में इस सम्मान से वर्ग की शर्त का हटा दिया गया और इसके तीन सम्मान घोषित किए गए। इनका नामकरण 'अशोक चक्र', 'कीर्ति चक्र' और 'शौर्य चक्र' किया गया। 01 फरवरी 1999 से केंद्र सरकार ने अशोक चक्र के लिए 1400 रुपए का मासिक भत्ता निर्धारित किया।

**वर्ष 1952 से अब तक अशोक चक्र विजेताओं की सूची:**

| **वर्ष** | **सम्मानित व्यक्ति का नाम** |
|---|---|
| 2017 | ज्योति प्रकाश निराला |
| 2016 | हवलदार हंगपन दादा |
| 2015 | मोहन गोस्वामी |
| 2014 | मुकुंद वरदराजन |
| 2014 | नीरज कुमार सिंह |
| 2013 | लालकृष्ण प्रसाद बाबू |
| 2012 | नवदीप सिंह |
| 2011 | लैशराम ज्योतिन सिंह |
| 2010 | राजेश कुमार |
| 2010 | डी. श्रीराम कुमार |
| 2009 | मोहित शर्मा |
| 2009 | बहादुर सिंह बोहरा |
| 2009 | हेमंत करकरे |
| 2009 | विजय सालस्कर |
| 2009 | अशोक कामटे |
| 2009 | तुकाराम ओम्बले |
| 2009 | गजेंद्र सिंह बिष्ट |
| 2009 | संदीप उन्नीकृष्णन |
| 2009 | मोहन चंद शर्मा |
| 2009 | जोजन थॉमस |

| | |
|---|---|
| 2009 | आर. पी. डिएन्ग्दोह |
| 2009 | प्रमोद कुमार सतपथी |
| 2008 | दिनेश रघु रमन |
| 2007 | राधाकृष्णन ने नायर हर्षन |
| 2007 | चुन्नी लाल |
| 2007 | वसंत वेणुगोपाल |
| 2004 | त्रिवेणी सिंह |
| 2004 | संजोग छेत्री |
| 2002 | सुरिंदर सिंह |
| 2002 | रामबीर सिंह तोमर |
| 2001 | कमलेश कुमारी |
| 2000 | सुधीर कुमार वालिया |
| 1997 | पुनीत नाथ दत्त |
| 1997 | शांति स्वरूप राणा |
| 1996 | अर्जुन सिंह जसरोतिया |
| 1995 | राजीव कुमार जून |
| 1995 | सुज्जन सिंह |
| 1995 | हर्ष उदय सिंह गौड़ |
| 1994 | नीलकंतन जयचंद्रन नायर |
| 1993 | राकेश सिंह |
| 1992 | संदीप संखला |
| 1991 | रणधीर प्रसाद वर्मा |
| 1987 | नीरजा भनोट |
| 1985 | छेरिंग मोतुप |
| 1985 | निर्भय सिंह |
| 1985 | भवानी दत्त जोशी |
| 1985 | राम प्रकाश रोपेरिया |
| 1985 | जसबीर सिंह रैना |
| 1985 | भूकांत मिश्रा |
| 1985 | राकेश शर्मा |
| 1984 | गेन्नादी स्त्रेकलोव |

| | |
|---|---|
| 1984 | यूरी मल्यशेव |
| 1981 | साइरस अद्दी पीठावाला |
| 1974 | गुरुनाम सिंह |
| 1972 | उम्मेद सिंह मेहरा |
| 1969 | जस राम सिंह |
| 1965 | जिया लाल गुप्ता |
| 1962 | खरका बहादुर लिनिबु |
| 1962 | मैन बहादुर राय |
| 1958 | एरिक जेम्स टकर |
| 1958 | जैश बाजीराव सकपाल |
| 1957 | जे आर चिटनीस |
| 1957 | पी एम रमन |
| 1957 | जोगिंदर सिंह |
| 1956 | सुंदर सिंह |
| 1952 | सुहास बिस्वास |
| 1952 | बचित्तर सिंह |
| 1952 | नरबहादुर थापा |